राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

हैदराबाद में पश्चिमी भारत महोत्सव का शुभारंभ

राज्यपाल ने "भारत कला महोत्सव" में भाग लिया

जयपुर, 21 नवंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने हैदराबाद में शुक्रवार को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के साथ "भारत कला महोत्सव" में भाग लिया।

राज्यपाल ने हैदराबाद में राष्ट्रपति निलयम में आयोजित इस महोत्सव में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और गोवा की कला, संस्कृति, शिल्प और व्यंजनों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए भारत महोत्सव को देश की संस्कृति और कला का अनुपम समारोह बताया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के हथकरघा उत्पादों का अवलोकन करते हुए ग्रामीण कुटीर उद्योगों के विपणन की दृष्टि से भी इस उत्सव को महत्वपूर्ण बताया। तेलंगाना के राज्यपाल श्री जिष्णु देव वर्मा भी इस दौरान उपस्थित रहे।